प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 09.03.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से होगा शुरू।

2– प्रदेश में किया जाएगा उद्यमिता आयोग का गठन–मुख्यमंत्री ने की घोषणा।

3– एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने आज बीजापुर और सुकमा जिले में विभिन्न स्थानों पर छापा मारा।

4– आईसीसी चैंपियन ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को दिया दो सौ बावन रनों का लक्ष्य।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**संसद–बजट सत्र दूसरा चरण**

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल दस मार्च से शुरू होगा और यह चार अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान सदन की बीस बैठकें होंगी और वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिये अनुदान मांगों और विनियोग विधेयक पर चर्चा होगी तथा मतदान होगा। इसके अलावा बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, आव्रजन और विदेशी विधेयक तथा रेलवे संशोधन विधेयक सहित कई विधायी कार्यों पर चर्चा होगी और इन्हें पारित किया जाएगा।
बजट सत्र का पहला चरण इकतीस जनवरी से तेरह फरवरी तक चला था। इस दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने एक फरवरी को केन्द्रीय बजट पेश किया था।

**विधानसभा समाचार**

राज्य विधानसभा में कल बजट सत्र के दसवें दिन मंत्री दयालदास बघेल, लखनलाल देवांगन और लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी।
इससे पहले, कल प्रश्नकाल के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य सवाल पूछेंगे। इसके साथ ही ध्यानाकर्षण के जरिये कांग्रेस सदस्य चातुरी नंद महासमुंद के धान खरीदी केन्द्रों में धान का उठाव नहीं होने का मुद्दा उठाएंगी। वहीं, भाजपा विधायक मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या की ओर नगरीय प्रशासन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

**प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना**

केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ उठाने के लिए स्वयं को पंजीकृत कराने का अनुरोध किया है। इस योजना के अंतर्गत किसी संगठन के साथ काम करने वाले श्रमिक ई–श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण ऑनलाइन करा सकते हैं। यह योजना देश के इकतीस हजार से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में द्वितीय और तृतीय श्रेणी के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है।

**मुख्यमंत्री–उद्यमिता आयोग**

प्रदेश में उद्यमिता आयोग का गठन किया जाएगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में स्वदेशी जागरण मंच की अखिल भारतीय कार्यकारिणी परिषद की बैठक में की। उद्यमिता आयोग राज्य में उद्यमशीलता की संस्कृति को मजबूत कर रोजगार सृजन की संभावनाओं का अध्ययन करेगा। इसके तहत युवाओं के कौशल विकास और रोजगार प्रशिक्षण के लिए कार्य किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ''विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत'' के निर्माण के लिए हमें स्वदेशी को आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच हमेशा से आत्मनिर्भरता और स्व देशी उद्योगों को बढ़ावा देता है। मुख्यमंत्री ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और विकास के लिए स्वदेशी जागरण मंच की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सफल उद्यमियों को "उद्यमिता प्रोत्साहन पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

## एसीबी/ईओडब्ल्यू–कार्रवाई

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा–ईओडब्ल्यू की टीम ने आज बीजापुर और सुकमा जिले में विभिन्न स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार टीम ने वित्तीय गड़बड़ी और डीएमएफ की राशि में अनियमितता के मामले में बीजापुर में सहायक आयुक्त आनंद सिंह के सरकारी आवास सहित कई ठिकानों पर दबिश दी। वहीं, सहायक आयुक्त के जगदलपुर के धरमपुरा स्थित मकान और उनके दो रिश्तेदारों के बैलाबाजार और धरमपुरा स्थित मकान में भी छापा मारा।

इसके साथ ही टीम ने तेंदूपत्ता घोटाला मामले की जांच के लिए सुकमा के वन मंडल अधिकारी अशोक पटेल के सुकमा और रायगढ़ स्थित निवास पर भी छापेमारी की। वहीं, कई अन्य कारोबारियों के ठिकानों पर भी टीम ने दबिश दी।

## कोंडागांव–शपथ ग्रहण

कोंडागांव जिले में आज नगर पालिका के नव–निर्वाचित अध्यक्ष और बाईस वार्ड पार्षदों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह शामिल हुए। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक लता उसेंडी और नीलकंठ टेकाम मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस तक माओवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है। इससे पूरे बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित होने के साथ ही विकास का रास्ता भी खुलेगा।

## ऊर्जा विभाग–इन्वेस्टर्स समिट

राजधानी रायपुर में कल दस मार्च को ऊर्जा विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ एनर्जी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे। इस दौरान देशभर से पहुंचे निवेशकों के साथ राज्य सरकार एमओयू भी करेगी।

## दुर्घटना

सूरजपुर जिले के ओडगी थाना क्षेत्र में आज हुए सड़क हादसे में भटगांव के पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता पारसनाथ राजवाड़े घायल हो गए हैं। घटना के बाद वे अस्पताल पहुंचे, जहां उपचार के बाद फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक श्री राजवाड़े नगर पालिका अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में उतर गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

इधर, कबीरधाम जिले के पलानीपाट के पास कल देर शाम एक तेज रफ्तार मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हमारे कबीरधाम संवाददाता सुरेशचंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि, चालीस अन्य घायल हो गए हैं।

दुर्ग जिले के ग्राम बिरझापुर में बीती रात तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की ठोकर से घर के बाहर खड़ी एक महिला की मौत हो गई।

## वन मंत्री–किसान मेला

वन मंत्री केदार कश्यप नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करतेह हुए वन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से ऑर्गेनिक खेती को अपनाने की अपील की। किसान मेले के माध्यम से किसानों को नये कृषि तकनीकों, जैविक खेती और आधुनिक साधनों के उपयोग की जानकारी देकर उन्हें बेहतर किसानी के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद वन मंत्री ने रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

## कृषि सम्मेलन

रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और एक निजी संस्था द्वारा कल प्राकृतिक और जैविक कृषि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलों से आए किसानों को प्राकृतिक और जैविक प्रणाली के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। सम्मेलन के दौरान किसानों को छत्तीसगढ़ में तिलहन फसलों के उत्पादन के बारे में भी बताया गया।

## आईटीबीपी–स्वास्थ्य शिविर

मोहला–मानपुर जिले के माओवाद प्रभावित दोरबा गांव में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान आईटीबीपी के चिकित्सा अधिकारी और मेडिकल टीम ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गईं। साथ ही ग्रामीणों को मच्छरदानी का भी वितरण किया गया। शिविर में आईटीबीपी के अधिकारी और जवानों ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## महतारी वंदन अभिनंदन कार्यक्रम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित महतारी वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में महिला पत्रकारों का सम्मान किया। साथ ही उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला पत्रकारों से संवाद भी किया।

## चैंपियन ट्रॉफी–फाइनल

आईसीसी चैंपियन ट्रॉफी के तहत आज दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत के सामने दो सौ बावन रनों का लक्ष्य रखा है। जवाब में भारत ने समाचार लिखे जाने तक चार ओवर में बिना कोई विकेट खोए 30 रन बना लिए हैं।

इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने निर्धारित पचास ओवरों में सात विकेट खोकर दो सौ इंक्यावन रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते हुए डेरिल मिचेल ने सर्वाधिक तिरसठ रन बनाए। वहीं, माइकल ब्रेसवेल ने तिरपन रनों की पारी खेली। भारत की ओर से स्पिनर वरूण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो–दो विकेट लिए।

इधर, अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत कल रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया मास्टर्स ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को सात रन से हरा दिया।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

पश्चिमी विक्षोभ के असर से तेरह मार्च तक प्रदेश के तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि तेरह मार्च को कुछ जिलों में हल्के बादल छाए रह सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>